lished with its headquarters at Calcutta to supervise over the three regional offices.

### मध्य प्रदेश में टेलीविजन केन्द्र

1496. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य में टेलीविजन केन्द्र की स्थापना के लिये कोई प्रस्ताव भेजा है, और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्र सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री धर्मवीर सिंह)** : (क) मध्य प्रदेश में दूरदर्शन ट्रांसमिटर लगाने के सम्बन्ध में राज्य सरकार के साथ कुछ पत्र व्यवहार चल रहा है ।

(ख) 'साइट' सातत्य कार्यक्रम के अंग के रूप में, मध्य प्रदेश में 'साइट' के गांवों में दूरदर्शन सेवा उपलब्ध करने के लिये रायपुर में दूरदर्शन ट्रांसमिटर लगाने का निर्णय लिया गया है ।

### मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रानिक उद्योग

1497. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या इलेक्ट्रानिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औद्योगिक तथा तकनीकी संगठनों द्वारा किये गये सर्वेक्षणों से पता चला है कि मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रानिक उद्योग की अच्छी गुंजाइश है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, योजना मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, इलेक्ट्रानिक्स मंत्री तथा अन्तरिक्ष मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी)** : (क) सरकार को इस विषय में कोई विशिष्ट सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) यह प्रश्न ही नहीं उठता । किन्तु, देश के विभिन्न राज्यों में इलेक्ट्रानिक सम्बन्धी कार्य-कलापों का केन्द्रीयकरण करके उन्हें विकेन्द्रित करने का इलेक्ट्रानिकी आयोग का जो सामान्य कार्यक्रम है उसके एक अंग के रूप में उसने इस दिशा में कुछ पहल की है तथा वह मध्य प्रदेश के प्राधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है ।

### बिजली की लाइनें बिछाने के लिये मध्य प्रदेश को ऋण दिया जाना

1498. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश को बिजली की लाइनें बिछाने के लिये ऋण दिया गया है, और

(ख) यदि हां, तो उसे कितनी धन-राशि का ऋण दिया गया है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में उपमंत्री (प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) और (ख). अन्तर्राज्यीय पारेषण लाइनों के निर्माण के लिये केन्द्र

सरकार ने मध्य प्रदेश सरकार को निम्न-लिखित ऋण दिये हैं :—

| लाइन का नाम | राशि (लाख रुपयों में) |
|---|---|
| (1) 132 के० वी० रिहन्द मोर्वा-अमरकन्टक दूसरे परिपथ पर तार कसना | 71 94 |
| (2) 220 के० वी० सतपुडा-अम्बाजारी—डायरेक्ट करन्ट के टावरों पर दूसरा परिपथ | 130 60 |
| (3) 132 के० वी० सारनी-भुसावल—दूसरे परिपथ पर तार कसना | 21 10 |
| (4) बोधघाट—बलिमेला 220 के० वी० दूसरा परिपथ . | 1 50 |
| जोड़ . | 225 14 |

## मध्य प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिए आशयपत्र जारी करना

1499. श्री गंगाचरण दीक्षित : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पांचवीं योजनावधि में मध्य प्रदेश में उद्योगों की स्थापना के लिये कितने आशयपत्र जारी किये गये हैं, और

(ख) स्थापित किये जाने वाले उद्योगों के नाम क्या हैं तथा उनकी स्थापना किन-किन स्थानों पर की जाएगी ?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बी० पी० मौर्य)**: (क) मध्य प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिये कैलेण्डर वर्ष, 1974, 1975 और जनवरी से जून, 1976 तक 97 आशयपत्र जारी किये गये थे।

(ख) उद्योगों के नाम, उनके स्थापना स्थल आशयपत्रों के विवरण "विकली बुलेटिन आफ इण्डस्ट्रियल लाइसेंसेज", "इम्पोर्ट लाइसेंसेज एण्ड एक्सपोर्ट लाइसेंसेज," "इण्डियन ट्रेड जनरल", "जनरल आफ इण्डस्ट्री एण्ड ट्रेड", "तथा" मन्थली लिस्ट आफ लेटर्स इन्टेन्ट एण्ड इण्डस्ट्रियल लाइसेंसेज" में प्रकाशित किये जाते हैं। इन प्रकाशनों की प्रतियां संसद पुस्तकालय में उपलब्ध है ?

## राजस्थान द्वारा पांचवीं योजना के लिये मांगी गई सहायता

1500. श्री मूलचन्द डागा : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने राज्य के लिये पांचवी योजना के अन्तिम दो वर्ष के लिये 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि देने का अनुरोध किया है, और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शंकर घोष)** : (क) राजस्थान राज्य की पांचवी योजना के बाकी दो वर्षों के लिये 50 करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि के बारे में योजना आयोग को राजस्थान सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता।